आवेदन हेतु निर्धारित अर्हताएं/योग्यता एवं निर्देशः–

1–वर्ष 2024–25 में स्पोर्ट्स छात्रावास, कानपुर, लखनऊ, आगरा, मेरठ, सहारनपुर, बरेली, झॉसी, प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, रामपुर, मैनपुरी, बॉदा, फतेहपुर, अमेठी, सोनभद्र एवं देवरिया जनपदो में फुटबाल, बॉक्सिंग, जूडो, क्रिकेट, केवल बालको हेतु एवं जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हाकी, वालीवाल, बैडमिन्टन, टेबुल –टेनिस, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैण्डबाल बालक/बालिकाओं को प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

2–जिम्नास्टिक एवं तैराकी खेलों में अण्डर–12 वर्षीय एवं अन्य खेलो में 15 वर्षीय बालक/बालिकाओं का चयन किया जायेगा जिसकी कट आफ डेट 01 अप्रैल, 2024 होगी।

3–आवेदन करने हेतु आवासीय क्रीडा छात्रावास आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भरना अनिवार्य होगा।

4–आवेदन फार्म के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

(1)–अभ्यर्थी का आधार कार्ड।

(2)–जन्मतिथि प्रमाण–पत्र।

(3)–विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत जन्मतिथि प्रमाण पत्र।

5– स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ/गोरखपुर एवं सैफई इटावा के ऐसे बालक/बालिकाएं,जो उसी सत्र के इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित हुए हों और जिन्होंने कालेज में रहते हुए मान्यता प्राप्त किसी वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो, वे अपने खेल विशेष में अन्तिम चयन/ट्रायल्स में भाग ले सकते हैं, परन्तु उन्हें अपने प्रधानाचार्य से प्रमाणित खेल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिन स्थानों पर छात्रावास स्थापित है उनके क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी/क्रीड़ाधिकारी का दायित्व होगा कि स्पोर्ट्स कालेज के छात्र जिनका चयन छात्रावास में किया जाता है उनकी अपनी कक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा, तथा उत्तीर्ण बालकों को ही छात्रावासों में रखने की कार्यवाही की जायेगी।

6– छात्रावासों में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद चयनित अभ्यर्थी व स्पोर्ट्स कालेज के उपरोक्तानुसार अर्ह छात्र ही केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर के अन्तिम चयन/ट्रायल में भाग लेगें। अन्य कोई भी अभ्यर्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद भाग नहीं ले सकेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर के पश्चात

होने वाले अन्तिम चयन/ट्रायल में बाहर से केवल स्पोर्ट्स कालेजों के उपर्युक्तानुसार अर्ह अभ्यर्थी ही भाग ले सकेगें, अन्य कोई नहीं।

7–खिलाडियों को सम्बन्धित खेल किट में आना अनिवार्य होगा।

8–छात्रावासों में प्रवेश हेतु फिजिकल फिटनेस टेस्ट का पूर्णाक 50अंक है, जिसमें शटल रन(6×10मी0), 100मी0रेस, मेडिसिन बाल थ्रो, 800मी0 रेस एवं स्टेडिंग ब्राडजम्प पांच टेस्ट होगा, जो 10–10 अंक के होगें और प्रत्येक अभ्यर्थी को अगले चरण में पहॅुचने के लिए फिजिकल टेस्ट में कुल प्राप्तांक में कम से कम 20 अंक (40प्रतिशत) प्राप्त करना आवश्यक होगा। जो अभ्यर्थी 40प्रतिशत अंक से कम प्राप्त करेगें उन्हें चयन प्रकिया से बाहर कर दिया जायेगा।

9– फिजिकल टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को स्किल टेस्ट (खेल कौशल) की चयन प्रकिया में सम्मिलित किया जायेगा और इस निमित्त खेल कौशल हेतु 30 अंक एवं खेल प्रदर्शन(गेम परफारमेन्स) के लिए 20अंक, कुल पूर्णाक 50अंक होगें और इनमें भी चयन के विचारार्थ वही अभ्यर्थी पात्र माने जायेगें जिन्होंने कम से कम 50प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों।

10–खेल वालीबाल एवं बास्केटबाल में आवेदन के लिये बालक वर्ग हेतु कम से कम लम्बाई 175से0मी0 तथा बालिका वर्ग हेतु 160 से0मी0 होना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी हेतु निदेशालय के पत्रांक–2423/के0प्रशि0शि0/2023–24 दिनांक 15 फरवरी, 2024 जारी किये गये पत्र के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।